# डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश
# DR. A.P.J. ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ-226031

**पत्रांक:** ए0के0टी0यू0/कुस0का0/2022/ 16850 **दिनांक:** 13-7-2022

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

**विषय: आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के संबंध में शासन के पत्र संख्या 255/सोलह-3-2022 दिनांक 12 जुलाई, 2022(प्रति संलग्न) के साथ संलग्न मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या 894/4-2022 दिनांक 01 जून, 2022 द्वारा दिर्नेश दिये गये है कि स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव सम्पूर्ण देश में गरिमामय रूप से मनाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में अन्तर्गत दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 के मध्य "हर घर तिरंगा कार्यक्रम" आयोजित किया जाना है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक भारतीय को अपने घर/प्रतिष्ठान पर झण्डा फहराने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करते हए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है।

उत्तर प्रदेश शासन के उक्त पत्र में "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु व्यापक दिशा-निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश में झण्डे के निर्माण व उसको फहराने तथा उतारने आदि से संबंधित दिशा-निर्देश की प्रति संलग्नक-1 के रूप में, झण्डा गीत की प्रति संलग्नक-2 के रूप में संलग्न कर प्रेषित है।

अत: आपसे अपेक्षा है कि शासन के उक्त निर्देश के अनुपालन में झण्डा संहिता के अनुसार संस्थान स्तर पर कार्ययोजना के अनुसार "हर घर तिरंगा कार्यक्रम" का सफल आयोजन कराया जाना सुनिश्चित करें तथा उक्त कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरान्त कार्यक्रमों से संबंधित फोटोग्राफ युक्त पुस्तिका विश्वविद्यालय की ई0मेल आईडी0 registrar@aktu.ac.in पर दिनांक 20.08.2022 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोक्त।

भवदीय

(डॉ0 आर0 के0 सिंह)
उप कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक: उपरोक्त।

प्रतिलिपि:-

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-3 उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को पत्र दिनांक 12 जुलाई, 2022 के संदर्भ में सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. व्यवस्थाधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि विश्वविद्याय में उक्त कार्यक्रम को समयान्तर्गत किया जाना सुनिश्चित करें।
4. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(डॉ0 आर0 के0 सिंह)
उप कुलसचिव

संख्या- 255/सोलह-3-2022

प्रेषक,

सुभाष चन्द शर्मा,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश, शासन।

सेवा में,

(1)- कुलसचिव, ए0के0टी0यू0 उत्तर प्रदेश लखनऊ।
(2)- कुलसचिव, एम0एम0एम0यू0टी0 गोरखपुर।
(3)- कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।
(4)- निदेशकगण समस्त राजकीय इंजीनियरिंग कालेज।
(5)- निदेशक, प्राविधिक शिक्षा उ0प्र0 कानपुर ।
(6)- सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
(7)- सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद उ0प्र0 लखनऊ।

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-3: लखनऊः दिनाँकः 12 जुलाई, 2022

**विषयः आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्रांकः 894/चार-2022, दिनाँकः 01 जून, 2022 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा निर्देश दिये गये है कि स्वतन्त्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव सम्पूर्ण देश में गरिमामय रुप से मनाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनाँकः 11 से 17 अगस्त, 2022 के मध्य **"हर घर तिरंगा कार्यक्रम"** आयोजित किया जाना है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक भारतीय को अपने घर/प्रतिष्ठान पर झण्डा फहराने के लिये प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जाग्रत करते हुये स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मन का भाव उजागर करना है।

2- मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के उक्त पत्र में "हर घर तिरंगा"कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु व्यापक दिशा निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश में झण्डे के निर्माण व उसको फहराने व उतारने आदि से सम्बन्धित दिशा-निर्देशों को भी संलग्नक किया गया है। उक्त दिशा निर्देश के अनुरूप विभाग द्वारा कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसकी प्रति संलग्नक-1 के रूप में, झण्डा गीत की प्रति संलग्नक-2 के रूप में संलग्न है।

3- अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि झण्डा संहिता के अनुसार उपर्युक्त निर्देशों एवं संलग्न कार्ययोजना के अनुसार "हर घर तिरंगा कार्यक्रम" का सफल आयोजन हेतु अपने अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए अपनी देख-रेख में कराया जाना सुनिश्चित करें। उक्त कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरान्त कार्यक्रमों से सम्बन्धित फोटोग्राफ युक्त पुस्तिका शासन को प्रेषित करने का कष्ट करें।

4- उक्त सभी कार्यक्रम सरकारी एवं निजी समस्त शिक्षण संस्थाओं में मनाया जायेगा।

कृपया उक्तानुसार समस्त निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

संलग्नकः यथोक्त।

DR/AR(E)

Reg.
13/7/2022

भवदीय,

12/07/22
(सुभाष चन्द शर्मा)
प्रमुख सचिव।

# कार्ययोजना : प्राविधिक शिक्षा विभाग

## आजादी का अमृत महोत्सव – "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम

(11–17 अगस्त,2022 )

**11.08.2022**

- मुख्य भवन पर झण्डारोहण।
- खुले स्थान/प्रांगण या बहुउद्देशीय हाल में फेकेल्टी एवं छात्रों के साथ एसेम्बली का आयोजन।
- "झंडा गीत":– **विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊँचा रहे हमारा** –का सामूहिक गायन।
- झण्डा संहिता के अनुसार झण्डे के मानक, आकार, झण्डा फहराने के नियमों इत्यादि से छात्र–छात्राओं को अवगत कराना। झण्डा खरीदने एवं उसे अपने घरों पर लगाने हेतु उन्हें जागरूक एवं प्रोत्साहित करना।
- विशेष सफाई अभियान चलाना। भवनों की छतों एवं छज्जों पर उगे हुए पेड़–पौधों एवं घास की सफाई कराना।
- संस्थान कैम्पस में श्रमदान।

**12.08.2022**

- मुख्य भवन पर झण्डारोहण।
- स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/महापुरूषों तथा भूले बिसरे आजादी के दीवानों के जीवन चरित्र पर विचार गोष्ठी का आयोजन। गोष्ठी में स्थानीय शिक्षाविद, गणमान्य व्यक्ति एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को आमंत्रित करना।
- स्थानीय महापुरूषों/स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से सम्बन्धित स्थलों/भवनों/स्मारकों की साफ सफाई।
- संस्थान में सफाई अभियान।

**13.08.2022**

- मुख्य भवन पर झण्डारोहण।
- संस्थान की हेरीटेज बिल्डिंग, प्रमुख भवनों पर **विशेष लाइटिंग का प्रबंध पूरे सप्ताह** भर करना।
- सांस्कृतिक प्रोग्राम जैसे डिबेट, व्याख्यान माला, नाटक, भेष–भूषा प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता आदि का आयोजन एवं पुरस्कार वितरण। कम से कम 75 छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया जाना।
- छात्रों के मध्य स्लोगन लेखन, पेन्टिंग, निबन्ध लेखन आदि प्रतियोगिता का आयोजन।
- विशेष सफाई अभियान।

**14.08.2022**

- मुख्य भवन पर झण्डारोहण।
- खेल कूद की विभिन्न प्रतियोगिताओं (मिनी मैराथन, साइकिल दौड़, रस्सा–कसी व अन्य खेल कूद) का आयोजन।
- खेल प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रों को गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति मे पुरस्कृत करना।
- आर्ट गैलरी, विज्ञान क्लब प्रदर्शनी, स्टार्ट–अप एक्सपो, ड्रोन शो इत्यादि का आयोजन।
- विशेष सफाई अभियान।

**15.08.2022**

- मुख्य भवन पर निर्धारित समयानुसार झण्डारोहण।
- स्वतंत्रता दिवस का पारम्परिक तरीके से भव्य आयोजन। सांस्कृतिक कार्यक्रम।
- समारोह में सम्मिलित प्रतिभागियों के मध्य मिष्ठान का वितरण।

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रितों को आमंत्रित कर सम्मानित करना।
- कम से कम 75 शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति–पत्र/प्रमाण–पत्रों का वितरण।
- संस्थान परिसर में कम से कम 75 वृक्षों का रोपण कार्यक्रम।
- विशेष सफाई अभियान।


**16.08.2022**

- मुख्य भवन पर झण्डारोहण।
- संस्थान कैम्पस में कम से कम 75 शोध ग्रन्थों/प्रपत्रों, व्याख्यानों, आजादी के गीतों/लोरियों आदि का संकलन प्रकाशित करना।
- छात्र/छात्राओं को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जन्म स्थली अथवा उनसे सम्बन्धित निकट यादगार स्थलों का भ्रमण।
- एन0एस0एस0, एन0सी0सी0, रोवर्स एवं रेंजर्स के वालन्टियर्स का "रन विद तिरंगा" रैली निकालना।
- श्रमदान।

**17.08.2022**

- मुख्य भवन पर झण्डारोहण।
- संस्थान के छात्र–छात्राओं को ऐतिहासिक इमारतों,स्थलों एवं स्मारकों का भ्रमण कराना।
- दिव्यांग बच्चों के संस्थान, वृद्धाश्रम अथवा कुष्ठाश्रम में छात्र/छात्राओं के साथ **आजादी का अमृत महोत्सव** मनाना तथा उनके उपयोगार्थ दैनिक सामग्री का वितरण।
- **राष्ट्रीय कवि सम्मेलन** का आयोजन।
- विशेष सफाई अभियान।

# झण्डा गीत



विजयी विश्व तिरंगा प्यारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा

सदा शक्ति बरसाने वाला
प्रेम-सुधा सरसाने वाला
वीरों को हर्षाने वाला
मातृभूमि का तन-मन सारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा

स्वतंत्रता के भीषण रण में
लड़ कर जोश भरे छन-छन में
कांपे शत्रु देखकर मन में
मिट जाये भय-संकट सारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा

इस झंडे के नीचे निर्भय
ले स्वराज्य हम अब चल निश्चय
बोलें भारत माता की जय
स्वतंत्रता है ध्येय हमारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा

आओ प्यारे वीरो आओ
देश-धर्म पर बलि-बलि जाओ
एक साथ सब मिल कर गाओ
प्यारा भारत देश हमारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा

इसकी शान न जाने पाये
चाहे जान भले ही जाये
विश्व विजय करके दिखलाये
तब होवे प्रण पूर्ण हमारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा

D.S. संख्या–894/चार–2022

प्रेषक,

दुर्गा शंकर मिश्र,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

07-06-22

(सुभाष चन्द्र शर्मा)
प्रमुख सचिव
प्राविधिक शिक्षा व्यावसायिक शिक्षा तथा कौशल विकास विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन।
2. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ : दिनांक: 1 जून, 2022

विषयः–आजादी अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम देश भर में गरिमामय रूप से मनाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रमों के अन्तर्गत सचिव संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने पत्र दिनांक 23 मई, 2022 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा अवगत कराया गया है कि आजादी का अमृत महोत्सव के क्रियान्वयन हेतु गठित राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति (NIC) द्वारा दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 के मध्य 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम अनुमोदित किया गया है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक भारतीय को अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर झण्डा फहराने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जाग्रत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है।

(2) प्रदेश में "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु निम्नवत् कार्यवाही की जानी है:–

1. "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम प्रत्येक सरकारी अधिकारी/कर्मचारी, शिक्षकगण, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वयं सहायता समूहों, विभिन्न नागरिक संगठनों आदि के सहयोग से क्रियान्वित किया जाये।
2. वाणिज्यिक एवं व्यावसायिक समूहों एवं संगठनों को उनकी सहभागिता एवं तिरंगा झण्डा बनवाने के लिए सी0एस0आर0 संसाधनों को उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रेरित किया जाये।
3. समस्त सरकारी/विभागीय वेबसाइट एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अमृत महोत्सव की वेबसाइट पर उपलब्ध 'हर घर तिरंगा' का लिंक दिया जाये।

4. ग्राम पंचायत स्तर पर सम्बन्धित विभाग द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन करते हुए ग्राम प्रधानों को शत–प्रतिशत घरों, दुकानों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों तथा नलकूपों इत्यादि पर झण्डा फहराने हेतु प्रेरित किया जाये।
5. जनपद के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में झण्डा के वितरण/बिक्री हेतु केन्द्रों को चिन्हित कर जनपद की समस्त सरकारी राशन की दुकानों को झण्डा वितरण एवं बिक्री केन्द्र के रूप में प्रयोग किया जाये।
6. झण्डों के निर्माण हेतु स्वयं सहायता समूहों को सम्मिलित करते हुए **"झण्डा निर्माण समूहों"** का गठन किया जाये।
7. सभी जिलाधिकारियों द्वारा झण्डों के निर्माण हेतु स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय टेलर्स तथा आई0टी0आई0 व अन्ये वोकेशनल प्रशिक्षण केन्द्रों के दक्षकारों का चयन दिनांक 05 जून, 2022 तक कर लिया जाये।
8. जनपद को दिये गये लक्ष्यों एवं आवश्यकता के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में झण्डों का निर्माण सुनिश्चित कराया जाये।
9. नगरीय एवं पंचायत स्तर पर लोगों को झण्डा क्रय करने एवं कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु प्रेरित किया जाये।
10. जनपद के समस्त सरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों, व्यावसायिक एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों, रेस्टोरेन्ट, शॉपिंग काम्पलेक्स, टोल प्लाजा, पुलिस चौकी/थाना इत्यादि को इस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से झण्डा फहराये जाने हेतु निर्देशित किया जाये।
11. बैनर, पम्पलेट, स्टैण्डी, होर्डिंग्स एवं अन्य उपर्युक्त माध्यमों से स्थानीय भाषा एवं बोली में कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाये।
12. परिवहन निगम की समस्त बसों, निजी बसों, ट्रकों एवं अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों तथा सरकारी वाहनों में **"हर घर तिरंगा"** कार्यक्रम का संदेश स्टीकर अथवा अन्य माध्यम से लगाया जाये।
13. जनपद के समस्त टोल प्लाजा, चेक प्वाइन्ट्स इत्यादि पर बैनर, स्टैण्डी आदि लगाया जाये।

14. जनपद स्तर से पंचायत स्तर तक विभिन्न स्तरों पर नोडल अधिकारीगण के साथ–साथ पर्यवेक्षकों की भी तैनाती प्रत्येक विकास खण्ड एवं ग्राम पंचायतों के स्तर पर की जाये तथा विभिन्न स्तरों पर इसकी नियमित समीक्षा की जाये।
15. सभी प्राथमिक/माध्यमिक स्कूलों में "पैरेन्ट–टीचर मीटिंग" के माध्यम से कार्यक्रम के सम्बन्ध में भी सभी को जानकारी दी जाये।
16. **"हर घर तिरंगा"** कार्यक्रम के वृहद स्तर पर प्रचार–प्रसार सूचना विभाग के माध्यम से प्रत्येक जनपद मुख्यालय में L.E.D. VANके माध्यम से एवं सिनेमाघरों, मल्टीप्लेक्स, केबिल नेटवर्क, स्थानीय सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से फ्लायर, वीडियो अपील, रेडिया जिंगल आदि के द्वारा किया जाये।

(3) **'हर घर तिरंगा'** कार्यक्रम हेतु जनपद के समस्त सरकारी अधिकारी/कर्मचारियों, शिक्षकों, शिक्षामित्रों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आँगनबाड़ी कर्मियों, आशा बहुओं आदि को पूर्व निर्धारित लक्ष्य दिया जाये तथा उक्त लक्ष्य की प्राप्ति हेतु किये गये प्रयासों की जिलाधिकारी स्तर पर नियमित समीक्षा की जाये :–

1. कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु समस्त जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में निम्नानुसार समिति गठित की जाती है:–

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | अध्यक्ष |
| पुलिस आयुक्त द्वारा नामित पुलिस उपायुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक | उपाध्यक्ष |
| मुख्य विकास अधिकारी | उपाध्यक्ष |
| विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा नामित प्रतिनिधि | सदस्य |
| नगर आयुक्त/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत | सदस्य |
| मुख्य कार्यपालक अधिकारी, छावनी परिषद | सदस्य |
| मुख्य चिकित्साधिकारी | सदस्य |
| जिला विकास अधिकारी | सदस्य |
| जिला प्रोवेशन अधिकारी | सदस्य |
| जिला विद्यालय निरीक्षक | सदस्य |
| बेसिक शिक्षा अधिकारी | सदस्य |

| | |
|---|---|
| उपनिदेशक/जिला सूचना अधिकारी | सदस्य |
| उपनिदेशक/क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी/पर्यटन अधिकारी | सदस्य |
| सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी | सदस्य |
| कार्यक्रम अधिकारी(एकीकृत बाल विकास योजना) | सदस्य |
| जिला युवा कल्याण अधिकारी | सदस्य |
| परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण | सदस्य |
| प्राचार्य, आई0टी0आई0 | सदस्य |
| जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी | सदस्य |
| महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र | सदस्य |
| जिला समन्वयक, नेहरू युवा केन्द्र | सदस्य |
| समन्वयक– राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन | सदस्य |
| समन्वयक, नागरिक सुरक्षा संगठन | सदस्य |
| एन0सी0सी0 के अधिकारी/एन0एस0एस0 के समन्वयक | सदस्य |
| जिलाधिकारी द्वारा नामित उद्योग मण्डलो/व्यापार मण्डलो के प्रतिनिधिगण | सदस्य |
| जिला पंचायतीराज अधिकारी | सदस्य–सचिव |

नोटः(1) उपरोक्तानुसार गठित समिति के सदस्यों की सूची दृष्टान्त के रूप में है। जिलाधिकारी अपनी सुविधानुसार इसमें सदस्यों की संख्या में वृद्धि कर सकते हैं। विकास खण्ड स्तर पर भी इसी प्रकार से समितियों का गठन करा लिया जाए जिसमें एक जिला स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी जाये।

(2)मा0 जनप्रतिनिधिगण के साथ भी पृथक से बैठक कर उन्हें कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दे दी जाये।

(3)समय–समय पर प्रेस व मीडिया के प्रतिनिधियों को कार्यक्रम के व्यापक प्रचार–प्रसार, जन–जन जागरूकता एवं तैयारियों के संबंध में जानकारी भी दी जाये।

2. उपरोक्तानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत **'हर घर तिरंगा'** कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारिणी समिति की बैठक 05 जून, 2022 तक कराते हुए समस्त जिलों की कार्ययोजना व रूपरेखा शासन को ई–मेल harghartirangaup@gmail.com पर प्रेषित करा दी जाये।

3. दिनांक 05 से 10 जून, 2022 के मध्य जनपद में विभिन्न स्तरों पर **'हर घर तिरंगा'** हेतु झण्डा की सिलाई आदि का प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कर लिया जाये। इसी मध्य निर्धारित लक्ष्य के अनुसार झण्डा निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री का प्रबन्ध भी करा लिया जाये। जनपदों में प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगर निकाय हेतु स्थानीय स्तर पर लक्ष्य का निर्धारण कर लिया जाये।
4. दिनांक 10 जून से 15 जून, 2022 के मध्य समस्त प्रेरकों का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया जाये, जो समस्त शिक्षा संस्थानों, राशन दुकानों, पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर प्रत्येक नागरिक को इस कार्यक्रम से जोड़ने हेतु व्यापक प्रेरक अभियान चलायेंगे।
5. 15 जून से 15 जुलाई, 2022 के मध्य जनपद को दिये गये लक्ष्य के अनुरूप सभी झण्डों का निर्माण करा लिया जाये।
6. दिनांक 15 जुलाई से 05 अगस्त, 2022 के मध्य जनपद के समस्त घरों, दुकानों, कार्यालयों, प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी परिसरों में झण्डों की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर ली जाये।

**(4) योजना का कार्यान्वयन:**

1. कार्यक्रम में "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम हेतु केन्द्र सरकार द्वारा झण्डा संहिता में संशोधन किया गया है (संलग्नक–1)।
2. प्रत्येक झण्डा बनाने वाले स्वयं सहायता समूह एवं अन्य संस्थानों को झण्डे के आकार के बारे में स्पष्ट निर्देश जारी किये जाये (संलग्नक–2)।
3. प्रत्येक नोडल का यह दायित्व होगा कि हर घर झण्डा फहराने हेतु नागरिकों को झण्डा फहराने की विधि तथा अन्य जानकारियों से स्पष्ट रूप से अवगत कराया जाये (संलग्नक–3)।
4. प्रत्येक जनपद को हाउस होल्ड के अनुसार झण्डा फहराने का लक्ष्य संलग्न है(संलग्नक–4)।

**अतएव उपरोक्त निर्देशानुसार व्यापक जनसहभागिता से 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।**

<u>संलग्नक–यथोक्त</u>।

भवदीय,

(दुर्गा शंकर मिश्र)
मुख्य सचिव।

2134030/2022/ -3

संख्या– /चार–2022, तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को उनके अर्द्धशासकीय पत्र दिनांक 23 मई, 2022 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।
2. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से

(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव